[श्री मोहम्मद अफजल उर्फ माम अफजल]

मैं कहूंगा और मैंने आपको हाऊस के बाहर भी यह बात कही थी कि वह वाक्या उस तरह का नहीं है । इसलिए मेरा खयाल है कि इस बहस को बंद करके आज कश्मीर जैसे अहम मसले पर बोल रहे हैं, उस पर ज्यादा बात करें।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : महोदया, मैं उसकी बात करूंगा, पर आपने चेयर से कल चन्द बातें कही हैं.... (व्यवधान) ....

उपसभापति अब आप कल की चेयर की बात करेंगे अहलुवालिया जी तो yo$_u$ will be at a disadvantage because I have the record before me.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Yes, you go through the record.

THE DEPUTY CHAIRMAN: And it shows that you say because he belongs to a minority community... But he says the policeman did not know that he is from the minority community. Then how can you, who were not present at that place, make such an allegation?

SHRI S. S. AHLUWALIA: You never allowed me to complete my sentence

1. 00 P. M.

THE DEPUTY CHAIRMAN: I will allow you to complete your speech. And that matter is over.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Madam, I am about to say.....

THE DEPUTY CHAIRMAN: I do not know. what you are about to say. *(Interruptions)*

SHRI S. S. AHLUWALIA: He is a senior journalist. He belongs to a minority community. Above all, he is a Member of Parliament.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Do not try to unnecessarily twht the thing. Let us forget about what happened yesterday, and let us deal with the present.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया महोदया, आपने आज चेयर से..... (व्यवधान)

उपसभापति : देखिये हाउस बंद होने वाला है,

I did not raise the issue. It is Mr. Fotedar who raised it.

I adjourn the House for lunch till 2. 30 p. m.

The House then adjourned for lunch at one minute past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-six minutes past two of the clock, THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHAS-KAR ANNAJI MASODKAR): in the Chair.

RESOLUTION RE: RECURRING FLOODS IN BIHAR—(Contd.)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHAS-KAR ANNAJI MASODKAR): We shall now proceed with the Private Members' Resolution moved by Shrimati Kamla Sinha. I believe when we adjourned last time Mr. Md. Salim was in the midst of his 'speech. Now he will continue his speech.

श्री मोहम्मद सलीम (पश्चिमी बंगाल) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं पिछली बातें के बारे में कह रहा था वह यह थी कि बाढ़ की समस्या को रोकने के लिए एक तरफ़ जैसा हमारा सामाजिक नज़रिया होना जाहिए, वैसे ही जनता की जो भागीदारी है, इसकी भी हमारी योजना में स्वीकार करना पड़ेगा । इस के लिए भी जो लोकल अथारिटीज़ हैं चाहे वह पंचायत हो या जिला परिषद हो, उनको भी इस प्रोग्राम में शामिल करना पड़ेगा खासकर उसके इंप्लीमेंटेशन के लिए । बाढ़ की समस्या को हल करने के लिए अगर हम पीसमील सोचते हैं, टुकड़े टुकड़े करके सोचते हैं या हर साल बाढ़ आए उसके बाद विचार करते हैं, एक एक

राज्य के बारे में, एक एक नदी के बारे में सोचते हैं तो हमारी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। हमें उसी तरह से सोचना चाहिए जिससे कि बाढ़ को स्थायी रूप से रोकथाम हो सके, इसका परमेनेंट सौल्यूशन किया जाए, यह हर साल की समस्या न रहे, यह बाढ़ रोकने की समस्या नहीं, हमारे मुल्क के जो वाटर रिसोर्सेज हैं उनका इस्तेमाल करने के लिए, हमारी जो भूमि है उसका सही व्यवहार करने की योजना होनी जाहिए ताकि वह लंबे अरसे तक अच्छे ढंग से हमारी सेवा में आ सके । इसके लिए हमारा नेशनल फ्लड कंट्रोल और दूसरे जो प्रोजेक्ट्स हैं इनका सही लाभ हम नहीं उठा सके हैं । मैं उस रोज टी०वी०सी० के बारे में कह रहा था खासकर जब मध्य बिहार और उत्तर बिहार की बाढ़ की समस्या है तो हम यह देखते हैं कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, नेपाल और उत्तर बिहार के क्षेत्रों में जब बारिश होती है तो हमारे जो डैम हैं चाहे वह पंचाली हो, चाहे वह मतडौर हो, फ़रक्का बैराज हो या पलइया हो, जब नदी फुल रहती है तो हम हजारों क्यूसेक पानी छोड़ते हैं । मैं बंगाल से आता हूं वहां पिछले साल 72 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया जब कि वहां वैसे ही काफ़ी पानी आ गया । हम डैम से भी पानी छोड़ते रहते हैं तो इसका सही लाभ उठाने के बजाय नुकसान होता रहा है । इनकी सही मेंटिनेंस भी होनी जाहिए और सही थेटीनेंस भी होना चाहिए । इसकी तरफ़ सरकार को ध्यान देना पड़ेगा और बाढ़ से जो नुकसान है उसमें कमी लाने के लिए जो वैज्ञानिक प्रगति है, उसके अनुसार सही फ़ोरकास्ट के लिए हमें विज्ञान का सहारा लेना पड़ेगा । सिर्फ़ फ़ोरकास्ट करने से काम नहीं चलेगा बल्कि राज्य सरकारों को साथ में लेकर चलना पड़ेगा । जनता को, गांव को बचाने के बाद उनको रिलीज कैम्प में ले जाने पर नजर डालनी पड़ेगी ।

इसके साथ-साथ बाढ़ जब आती है तो हम देखते हैं कि खाने की किल्लत हो जाती है और इस से कुछ दूसरे लोग लाभ उठाते हैं तो ऐसी सिच्युएशन में हमें रेगुलर फूड सप्लाई की तरफ ध्यान देना पड़ेगा । जो क्षति इससे हमारी होती है उसका एक साइंटिफिक असेसमेंट करने का बंदोबस्त करना पड़ेगा । एक लोग फिगर दे दीं तो इससे काम नहीं चलेगा । आज के समय सबसे बड़ी समस्या वहां के पुनर्गठन की है । इस बारे में भी सही ध्यान देना पड़ेगा । मैं यह बात इस लिए कह रहा हूं पिछली बार जब बाढ़ आयी थी तो काफी हालत बिगड़ी थी । सिर्फ बिहार की बाढ़ की बात नहीं है ऐसा और जगह भी होता है और यह हर साल होता है । हमें शर्म आनी चाहिए कि आजादी के 42 साल बाद भी एरिया के बारे में एक खबर आयी थी कि एक मां अपने बच्चे को बेच रही है । बाढ़ आयी नहीं है, फोरकास्ट किया गया है कि बाढ़ आयेगी। पानी खतरे के प्वाइंट से ऊपर उठ आया है बच्चे को इसलिए नहीं बेच रही है कि बच्चा बच जायेगा बल्कि इसलिए कि बाढ़ के आने से पता नहीं कुछ बचेगा या नहीं इसलिए हाथ में कुछ पैसा तो होना चाहिए। यह हमारे लिए दर्दनाक और शर्मनाक बात है । मै इसके साथ यह भी जोड़ना चाहता हूं कि जब बिहार की बाढ़ के बारे में सोच रहे हैं तो हमें असम, बंगाल, पूर्वी उत्तर प्रदेश के बारे में भी सोचना चाहिए यहां पर भी बाढ़ से काफी नुकसान होता है। अब तक हम बांध निर्माण की बात सोचते थे, बांध तो बनाने पड़ेंगे और उनको मेन्टेन करना पड़ेगा लेकिन पानी का स्टोर करने के लिए रिजवायर बनाने पर भी जोर डालना चाहिए ताकि हम उस पानी को बाद में इस्तेमाल कर सकें। वह स्टोरेज वाटर इरीगेशन के लिए, सिंचाई के लिए और बिजली का उत्पादन करने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। साथ-साथ जो रिजवायर बनेगा वह सिर्फ पानी के ठहराव के लिए ही नहीं होगा बल्कि गांव के लिए एक ऊंचा बांध भी बनेगा जिससे गांव के लोगों को रुकना न हो क्योंकि उनको वहां से उठाकर कहीं और ले जाने की समस्या होती है । इस लिए अगर बाढ़ के पानी को रोकने के लिए रिजवायर बनाते हैं तो काफी ऊंचा बांध भी बन जाता है वहां लोगों को

[श्री मोहम्मद सलीम]

बाढ़ के मौके पर ठहराया भी जा सकता है।

इसके साथ-साथ लैंड इरोजन की बात भी आती है। मैं बंगाल से आता हूं। मुर्शीदाबाद में यह लगातार समस्या है। इसकी रोकथाम के लिए हमें कोशिश करनी होगी, इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी और वह जिम्मेदारी केन्द्रीय सरकार अपने ऊपर ले। आपको पता है गांव धंसे जा रहे हैं। मुर्शीदाबाद का एरिया जो गंगा के किनारे है वहां पर सायल कंजवशन के काम पर जोर देना पड़ेगा। इसके लिए स्टेट के फारेस्ट डिपार्टमेंट से, एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट से बातचीत करके एक्शन प्रोग्राम बनाना होगा। काफी अरसे से रीवर बेसिन का प्रोजेक्ट, बांध का प्रोजेक्ट बाढ़ रोकने की योजनायें चल रही हैं इन योजनाओं पर स्पीडी वर्क के लिए जोर देना पड़ेगा चाहे वह बंगाल में हो, असम में हो, असम में हो, नार्थ बिहार में हो। बरसों पहले कमेटी की रिपोर्ट थी उसके बाद काफी योजनायें बनीं लेकिन हम उसका सही लाभ तभी उठा पायेंगे जब टाइम बाउंड प्रोग्राम लेकर सही ढंग से कम्पलीट कर पायें, खत्म कर पायें। इसके साथ-साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो यह संकल्प है, बेहतर होता यह सिर्फ बिहार के बारे में ही न होकर पूरे देश के नजरिये से और सामूहिक तौर पर होता। बिहार की बाढ़ की समस्या सिर्फ बिहार की समस्या नहीं है, आसाम की बाढ़ की समस्या सिर्फ आसाम की समस्या नहीं है, बल्कि ये हमारे देश की समस्यायें हैं। इसके लिए हमें सामूहिक नजरिया तैयार करना पड़ेगा। इसके साथ साथ नेशनल केलेमिटीज फण्ड का जो काम शुरू किया गया है, इससे लाभ हुआ है।

बाढ़ के साथ साथ मैं एक दूसरी बात की तरफ भी ध्यान दिलाना चाहता हूं। खास कर पहाड़ी इलाकों में लैण्ड स्लाइड होती हैं उससे बड़ी दिक्कतें पैदा हो जाती हैं। पहाड़ों में सौयल कजरवेशन का काम भी होना चाहिए। पेड़-पौधों का भी सवाल है। पिछले महीने पौड़ी गढ़वाल में तलाई गांव में लैंड स्लाइड हुआ जिसमें सारा गांव का गांव बह गया। इसलिए इसके साथ में इसको भी जोड़ देता हूं। हमें इसमें सामूहिक नजरिया अपनाना चाहिए और पहाड़ों से लेकर समुद्र तक जो प्रकृति की देन हैं उसका सही रूप में इस्तेमाल करना चाहिए और पानी का लाभ उठाना चाहिए ताकि बाढ़ से हमें रोना न पड़े और पानी जो प्रकृति की बहुत बड़ी देन है उसका लाभ देश की उन्नति के लिए किया जाना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री मालकर अन्नाजी मासोदकर) : श्री शंकर दयाल सिंह अनुपस्थित।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज जो अशासकीय प्रस्ताव हमारी बहिन सदस्या श्रीमती कमला सिन्हा जी लाई हैं वह बहुत ही महत्वपूर्ण है और बिहार की समस्या इस सदन में उन्होंने रखी है। यह बिहार की ही समस्या नहीं है, पूरे देश की समस्या है। इस प्रस्ताव में लिखा है कि बिहार की अधिकांश नदियों के उदगम स्थल नेपाल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हैं, इस कारण बिहार राज्य निरंतर बाढ़ की चपेट में रहता है जिसके फलस्वरूप प्रति वर्ष बाढ़ से प्रभावि देश के कुल क्षेत्र का लगभग 56.57 प्रतिशत उस राज्य का होता है, यह सभा राज्य में विशेषत: उत्तर तथा मध्य बिहार में विनाशकारी बाढ़ की वर्तमान स्थिति पर अपनी गंभीर चिन्ता व्यक्त करती है और सरकार से आग्रह करती हैं कि वह इस राज्य को प्रति वर्ष बाढ़ से होने वाली तबाही से छुटकारा दिलाने के लिए प्रभावी उपचारी कदम उठाये। यह जो 56 प्रतिशत या 57 प्रतिशत जमीन हैं वह बाढ़ से प्रभावित होती हैं। बिहार हमारे भारत की सांस्कृतिक देन का उदगम स्थल हैं। बिहार में महात्मा गौतम बुद्ध, बाबू राजेन्द्र प्रसाद, बाबू जयप्रकाश नारायण और बाबू जगजीवन राम जैसे महान लोग इसी पवित्र भूमि में पैदा हुए। मगर हम देखते हैं कि बिहार की 57 प्रतिशत भूमि बाढ़ में बैठ जाती हैं। यही कारण हैं कि

वहां गरीबी है और दरिद्रता की रेशियों भी वहां दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। अगर हम इस 50 प्रतिशत से भी अधिक भूमि की रक्षा कर लेते हैं तो कृषि का उत्पादन हम दुगुना कर सकते हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत को जब हम महाराष्ट्र के लोग देखते हैं तो हमें पता चलता है कि मीलों तक कोई पर्वत नहीं हैं और जमीन लेवल पर हैं जो कृषि के लिए बहुत ही अच्छी हैं। पानी भी यहां बहुत है। हमारे महाराष्ट्र में दो सौ, तीन सौ मीटर नीचे खोदना पड़ता है तब कहीं जाकर पानी निकलता है, लेकिन उत्तर भारत में 15 या 20 फुट की गहराई में पानी मिल जाता है। ऐसी स्थिति होते हुए भी और इतनी अच्छी जमीन होते हुए भी यहां पर गरीबी है। इस पर हमें गम्भीरता पूर्वक सोचना चाहिए। पिछले 40-42 वर्षों से यह स्थिति चल रही है और इस बाढ़ का हम इलाज नहीं कर सके हैं। यह हमारे देश के लिए गम्भीर बात है और बहुत बड़ा खतरा भी है। हम जानते हैं कि नदियां पहाड़ों से निकल कर समुद्र में जाती हैं। चाहे गंगा हो, यमुना हो, ब्रह्मपुत्र हो, सिन्धु हो या रावी या व्यास हों, इनके बारे में काफी साहित्य लिखा गया है। इसमें कितना पानी है। इस हिमालय के पानी की वजह से उत्तर भारत की सारी भूमि सुजलाम् सुफ़लाम् होती है और हम पानी की एक-एक बूंद के लिये तरसते हैं, दक्षिण भारत में और विशेष कर महाराष्ट्र में। मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि गुजरात के सौराष्ट्र की भूमि में दो-दो, चार-चार साल तक वर्षा नहीं होती। वह सदैव सूखे की चपेट में रहता है। गरीब लोग, किसान भूखे प्यासे तरसते हैं और सरकार को वहां करोड़ो रुपया खर्च करना पड़ता है। एक तरफ़ बाढ़ आ रही है, एक तरफ़ बानी से जमीन बह रही है और दूसरी तरफ़ लोगों को सालों साल पानी की एक बूंद भी नहीं मिलती। इस विषमता को हमें नष्ट करना है। हमें राजनीति से ऊपर उठकर इसके बारे में सोचना चाहिये। जब इस देश में सातवीं पंचवर्षीय योजना बनी तो इस सदन के अन्दर मैंने कई बार कहा कि हमारी योजना कृषि और इरीगेशन, सिंचाई के लिये बननी चाहिये। जब तक भूमि की जो प्यास है, उसे जल की जो जरूरत है वह पूरी नहीं होगी तब तक हमारे देश में सुजलाम सुफ़लाम का जो इतिहास स्वर्णाक्षरों में लिखा हुआ है उसको कोई मतलब नहीं होगा। कई बड़ी-बड़ी नदियों का पानी पाकिस्तान चला गया, उससे उनकी भूमि की सिंचाई हो रही है। आज भी उत्तर भारत की कुछ नदियां हैं जो बिहार में मिट्टी बहा रही हैं। इसके लिये हमने कितना खर्च किया है ? इसको रोकने के लिये हमने जो पैसा खर्च किया है और जो आगे खर्च किये जाने वाला है, इसके लिये हमें तीन बातों की तरफ़ ध्यान देना चाहिये। एक इरीगेशन; दूसरा पावर और तीसरा अग्रीकल्चर। जैसा कि एग्रीकल्चर में कहते हैं एम०पी०पी० नाइट्रोजन, फ़ास्फ़ोरस, और पोटाश। नाइट्रोजन जीवन का एक महत्वपूर्ण एलीमेंट है। नाइट्रोजन वनस्पति के लिये, प्राणी के लिये या मनुष्य के लिये जरूरी है। हाईड्रोजन, कार्बन और आक्सीजन बाईलाजीकल लाइफ इनसे बनी है। तो जो ये बातें हैं, जो नैसर्गिक हैं, इनसे दुनिया भरी पड़ी है। इनसे जिनसे हमारी हानि होती है, उसको कैसे रोका जाय, यह सबसे बड़ी समस्या हमारे सामने है। उपसभाध्यक्ष महोदय, गंगा नदी बहुत पवित्र नदी मानी जाती है और त्योहारों में लोग गंगा में नहाने जाते हैं, गोदावरी में नहाते हैं, कृष्णा में नहाते हैं। नहाने से यह पवित्रता का जो भाव है वह इसलिये नहीं है कि नहाने से पाप धुल जाता है। बल्कि पवित्रता इस चीज से है कि उसके पानी से अनाज पैदा होता है और उसके कारण उनकी रोटी-कपड़ा और मकान की समस्या हल होती है। इसमें उसकी पवित्रता है। हम इस बात को नहीं समझे हैं। भगवान कृष्ण ने गीता में जो लिखा है उस पर न जाकर हमने उनकी मूर्तियों को मंदिर में बिठा दिया। हमारे जो बड़े बड़े लोग हैं, जो उच्च गुरू हैं, मैं किसी जाति पर दोष नहीं लगाना चाहता, लेकिन जो पंडित लोग हैं उन्होंने भगवान

[श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव]

कृष्ण को मंदिरों में बन्दी बना दिया। नदियों का पानी खेतों के लिये, पौधों को उगाने के लिये है और मानव जीवन के लिये है। अगर मानव जीवन के लिये उस पानी का उपयोग न किया जाये तो उस पानी का और उस नदी का पवित्रता का कोई मतलब नहीं है।

महोदय, इस सरकार ने कहा है कि हम आठवीं योजना में 50 प्रतिशत पूंजी कृषि पर लगायेंगे, देहातों में लगायेंगे। यह बड़ी खुशी की बात है। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि कृषि में क्या लगने वाला है और कितना लगने वाला है। आपकी प्रायरिटीज क्या है ? आपकी प्रायरिटीज में कृषि यानी एग्रीकल्चर, इरीगेशन, पावर और ग्रामोद्योग होना चाहिये। ग्रामोद्योग का मतलब खादी नहीं है बल्कि ग्रामीण, क्षेत्रों में जो भी उद्योग चल सकते हैं ऐसे सारे उद्योग ग्रामीण क्षेत्र में जायें। डीसेन्ट्रलाइजेशन आफ़ दि इंडस्ट्री दैट इज़ द ग्रेट आई वांट। इस तरह का अगर कार्य किया जाय तो मैं समझता हूं कि इससे हमारा उद्देश्य काफ़ी हद तक सफ़ल हो सकता है। गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कोसी, गोमती, नर्वदा, गोदावरी, कृष्णा, तुंगभद्रा ऐसी कितनी बड़ी बड़ी नदियां हमारे देश में है। लेकिन इनमें से आधे से ज्यादा नदियों गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, कोसी, गोमती इन सारी नदियों से बिहार बाढ़ से प्रभावित होता है। इसको अगर रोकना है, तो शायद आप को मालूम होगा उपसभाध्यक्ष महोदय कि हमारे देश में एक जो सिंचाई मंत्री थे, डा० के एल० राव, वे बहुत बड़े इंजीनियर भी थे, उन्होंने गवर्नमेंट को यह सजेस्ट किया था कि आप गंगा-कावेरी लिंक योजना को मंजूरी दें। उस वक्त इसकी कीमत 10 हजार करोड़ थी। अब मैं समझता हूं कि उसकी कीमत 1 लाख 20 हजार करोड़ हो गई है। अगर गंगा-कावेरी लिंक योजना को उस वक्त स्वीकार कर लिया जाता तो हिन्दुस्तान की साढ़े तीन करोड़ भूमि को पानी मिल सकता था। और आधी दुनियां को हिन्दुस्तान अनाज दे सकता था। इससे हमारे देश में वाटर ट्रांसपोर्ट सिस्टम भी काफ़ी प्रभावी हो सकता था। मगर इसको स्वीकार नहीं किया गया। एक कहावत है देर आयाद दुरुस्त आयाद। मैं आपके माध्यम से सरकार से और सिंचाई मंत्री जी से जो यहां बैठे हैं यह कहना चाहता हूं कि चाहे कितनी देर हो जाये मगर गंगा कावेरी योजना को स्वीकार करना चाहिये उत्तर भारत में जो बहने वाला पानी है इस पानी में मिट्टी भी बह जाती है और इस मिट्टी से बना हुआ इंसान भी बह जाता है। अगर इंसान की जिन्दगी बचानी है तो इस पानी का सदुपयोग करना चाहिये। अगर पानी का सदुपयोग करना है तो लिंकिंग आफ़ रीवर्ज, एक दूसरे से नदियों को जब तक नहीं जोड़ेंगे तब तक बाढ़ का समस्या का समाधान नहीं हो सकता। आप जानते हैं, उपसभाध्यक्ष महोदय, आप भी महाराष्ट्र से आते हैं और मैं भी महाराष्ट्र से आता हूं, बिहार में पानी बह जाता है लेकिन हम को महाराष्ट्र में पानी नहीं मिलता है। अभी 15 अगस्त को प्रधान मंत्री ने कहा कि मैं बादलों से प्रार्थना करूंगा कि सौराष्ट्र में जाकर बरसें।

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनुभाई कोटाड़िया) : बरस गये।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : बरस गये, इसलिये मैं ईश्वर को और प्रधानमंत्री को दोनों को धन्यवाद देना चाहता हूं। हम भी प्रार्थना करना चाहते हैं कि सौराष्ट्र में ही नहीं मगर इस देश के जितने सूखे प्रांत हैं वहां जाकर बादल बरसें। पता नहीं प्रधानमंत्री बहुत पुण्यवान है हमारा कोई पुण्य नहीं है इसलिये हमारी तो भगवान सुनता नहीं है **(व्यवधान)**

श्री ज.दीश प्रसाद माथुर : (उत्तर प्रदेश) : उन्होंने भगवान को ट्रंक काल लगाया था।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : माथुर साहब ने कहा कि भगवान को ट्रंक काल लगाया । हमारा कम्युनिकेशन सिस्टम इतना इफ़ेक्टिव है कि भगवान के सिवाय किसी को ट्रंक काल लगता ही नहीं है । फ़िर भी भगवान से आपने जो नाता जोड़ा है आपको भगवान बचाये, यह मैं शुभ कामनायें देता हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे यहां नर्मदा सागर डैम का काम चल रहा है। सरदार सरोवर, जैसे कि सरदार पटेल को भारत का फ़ौलादी पुरुष कहा जाता है वैसे ही नर्मदा डैम पर तैयार होने वाला जो सरदार सरोवर है यह हिन्दुस्तान का सबसे बड़ा सरोवर है, । मैं किसान होने के नाते जानता हूं कि Poverty is the greatest pollution in the country.

कोई इनवायर्नमेंट के नाम पर, कोई वृक्षों के नाम पर आन्दोलन करके उसको दबाना चाहते हैं । मैं इसके खिलाफ़ हूं । सवाल यह हैं कि जितने वृक्ष गये हम उतने वृक्ष लगा सकते हैं मगर 17.5 लाख हैक्टेयर जमीन पर किसानों को जब पानी मिलेगा और वहां से जो उत्पादन होगा तो उससे वह देश की आधी से ज्यादा आबादी को अनाज पैदा करके खिला सकेंगे । इतनी बड़ी सरदार सरोवर योजना है। मैं उसका पूरी तरह से समर्थ करता हूं । कुछ स्वार्थी लोग हैं, कुछ शहरी लोग हैं जो यह चाहते हैं कि किसानों की तरफ़ पानी न जाय और गांवों का विकास न हो जिससे उनका राज चलता रहे। मैं इस का विरोध करता हूं। मैं नर्मदा सागर प्रोजेक्ट का पूरी तरह से समर्थन करता हूं । उपसभाध्यक्ष महोदय, आप भी महाराष्ट्र से आते हैं और मैं भी महाराष्ट्र से आता हूं। मैंने एक प्रश्न पूछा था इस सदन में कि महाराष्ट्र की सिंचाई क्षमता कितनी है और पूरे देश की सिंचाई क्षमता कितनी है। उसका जवाब यह आया कि पूरे देश की सिंचाई क्षमता सभी प्रोजेक्ट पूरे होने के बाद 113 मिलियन हैक्टेयर की है और मार्च, 1990 तक 78.79 मिलियन हैक्टेयर सिंचाई क्षमता पूरी हो जायेगी । इसका मतलब यह हैं कि 34 मिलियन हैक्टेयर की सिंचाई के लिये अभी काम करना बाकी है। महाराष्ट्र के बारे में देखिये, महाराष्ट्र कितना पीछे है । पूरे देश की सिंचाई क्षमता 113 मिलियन हैक्टेयर हैं और महाराष्ट्र के सारे रिसोर्सेज टैप करने के बाद भी 7.3 मिलियन हैक्टेयर जमीन में हम पानी दे सकते हैं। इसका मतलब यह है कि पूरे देश में जितनी सिंचाई हम कर सकते हैं उका सिर्फ़ पांच प्रतिशत सारे रिसोर्सेज टैप करने के बाद महाराष्ट्र में हम सिंचाई कर सकते हैं । मगर फ़िर भी आज तक महाराष्ट्र में कितनी क्षमता पूरी हुई है, कितनी सिंचाई हुई है, 4.42 मिलियन हैक्टेयर (समय की घंटी) उपसभाध्यक्ष महोदय, यह बहुत इम्पोर्टेंट है, इसलिये मैं यह कहना चाहता हूं कि महाराष्ट्र की 42 से ज्यादा मीडियम और मेजर प्रोजेक्टस वाटर रिसोर्सेज अथारिटी की क्लीयरेंस न मिलने के कारण, पैसा न मिलने के कारण केन्द्र सरकार के पास पड़ी हुई हैं। यह बहुत ही दुखद बात है कि महाराष्ट्र में सिर्फ़ पांच प्रतिशत सिंचाई क्षमता है और यह छत्रपति शिवाजी और बाबा साहब अम्बेदकर की कर्म भूमि और जन्म भूमि है । जो हिन्दुस्तान में सबसे ज्यादा कपास पैदा करता है, सबसे ज्यादा चीनी पैदा करता है, सबसे ज्यादा ज्वार पैदा करता है, सबसे ज्यादा रागी? पैदा करता है, दूसरे नम्बर पर ग्राउंड नट पैदा करता है, ग्रेप्स पैदा करता है—महाराष्ट्र के जो किसान हैं उन्होंने इतना परिश्रम करके अपने राज्य को इस देश में अग्रपर बनाया है— उस महाराष्ट्र में 5 प्रतिशत क्षमता है मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से अनुरोध करूंगा कि महाराष्ट्र की जो सिंचाई योजनाएं हैं वे वार फ़ूटिंग पर पूरी होनं चाहिये । अभी 4.2 मिलियन हैक्टेयर है । मतलब 42 लाख हैक्टेयर जमीन को हम पानी दे सकते हैं और अभी 30 लाख हैक्टेयर में पानी देना है । पांच साल के अन्दर, आठवीं पंच वर्षीय योजना में महाराष्ट्र के सिंचाई के जो भी प्रकल्प हैं वे पूरे करने चाहिये । अगर आपकी सरकार ने यह किया है तो मैं आपका इस सदन के अन्दर अभिनन्दन करूंगा, शायद 5 साल के

[श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव]

बाद में नहीं रहूं। मैं तो जरूर रहूंगा, मैं कहीं नहीं जाऊंगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : बाढ़ के बारे में बोलिये।

श्री विठ्ठलभाई माधवराव जाधव: अभी हाल में 87,500 हैक्टेयर सिंचाई की क्षमता सृजित कर दी गयी है यह बहुत ही गंभीर समस्या है। अभी मैंने नर्मदा प्रोजेक्ट के बारे में कहा, महाराष्ट्र के बारे में कहा। अगर गंगा कावेरी लिंक योजना पूरी की जाय तो दक्षिण भारत और उत्तर भारत इस तरह से जुड़ जायेंगे जैसे हम अपने हृदय से जुड़े हैं। हमारा हृदय और आंखें दोनों जुड़ जायेंगे। भारत की संस्कृति नदियों से उद्गमित होती है और नदियां सागर में मिलती हैं। यदि सारी नदियां जोड़ दी जायें तो भारत की संस्कृति एक हो जायेगी। विशाल भारत होगा और शुजलाम सुफ़लाम होगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इसका समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHAS-KAR ANNAJI MASODKAR): Now, Mr. Sarda Mohanty.

SHRI SARADA MOHANTY (Orissa): Mr. Vice-Chairman, Sir, the Resolution moved by Shrimati Kamla Sinha is a very important one and I support it.

Sir, agriculture has been given *tin* topmost priority in our current Five Year Plan and it is to attain Self-sufficiency in foodgrains and agricultural produce so that we can avoid importing anything from other countries by spending our foreign exchange tnd secondly, to earn foreign exchange by exporting our excess production. But we will not be able to achieve our goal unless and until we are able to tackle the twin problem of drought and floods.

Sir, Orissa is also one of the States which are affected by drought and floods like Bihar, Uttar Pradesh, Assam, Tripura West Bengal, etc. In the district of Kala-handi, due to drought, people were forced to sell their wives and children in order to save themselves from starvation.

Sir, deforestation is the main reason for floods and drought in our country. In order to overcome drought, we have to take proper steps for afforestation. Certainly due to deforestation, more silt is being formed in the rivers and our riverbeds are filled with silt only and, as a result, the rivers have lost their capacity to contain the excess flood waters as they were doing previously. There is another factor also. The mouths of our rivers are also full ol silt and, therefore, they have lost their capacity to discharge the waters into the sea. For these reasons, flood is inevitable. We have built some dams in order to control the floods and also to produce electricity and for irrigation. But these dams are not properly maintained. Year after year they are filled up with silt and we have not taken steps to removo the-silt in these dams. Therefore, these dams also have lost their capacity to contain more water. Since desilting has not been done properly, the capacity of the reservoirs and dams to store more water is diminishing day by day and the excess water is discharged into the rivers which causes floods. In order to tackle the problems of floods and drought, afforestation is very essential, removal of silt is very necessary and construction of small dams is needed. I feel that these three things are very essential if we have to tackle successfully the problems of drought and floods.

With these words, Sir, I support this Resolution.

THE VICE-CHAmMAN (SHRI BHAS-KAR ANNAJI MASODKAR): Now, Mr; Chaturanan Mishra.

श्री चतुरानन मिश्र (बिहार) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्या श्रीमती कमला सिन्हा जी धन्यवाद के पात्र हैं कि उन्होंने एक बहुत ही अहम सवाल पर इस सदन का ध्यान आकर्षित किया है। बिहार में हर साल बाढ़ भी

आती है और सुखाड़ी भी आता है। बाढ़ का पानी जब हम रोक नहीं पाते हैं, और बारिश जब खत्म हो जाती है, तो हम सुखाड़ के शिकार हो जाते हैं।

इसलिए वहां बाढ़ भी है, वहां सुखाड़ भी है, बिहार में इतना पानी है कि हम शायद भारत के बहुत बड़े हिस्से को वह पानी दे सकते हैं। लेकिन बिहार की क्षमता नहीं है कि उस पानी का इस्तेमाल करे।

अभी कई माननीय सदस्यों ने गंगा-कावेरी योजना की चर्चा की। भारत सरकार अगर इसको प्रारंभ करें, प्रारंभ तो कर सकती है, भारत सरकार के वित्तीय साधन के पास है कि वह इस योजना को ले सके।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : यह बहुत दिनों से योजना है।

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनुभाई कोटाड़िया) : यह श्री के० एल० राव जी ने.....

श्री चतुरानन मिश्र : के०एल० राव साहब ने इसको शुरू किया था। तो यह योजना बहुत दिनों से है। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : इसके बारे में तो मिनस्टिर साहब बतलायेंगे।

श्री चतुरानन मिश्र : उसके लिए हम रिक्वैस्ट भी नहीं कर रहे हैं क्योंकि इसे पूरा करना संभव नहीं है। शुरूआत अगर करें, तो यह बात हो सकती हैं लेकिन कंप्लीट करना जो है, वह हमारे लिहाज से एक सरकार द्वारा एक पांच साला योजना में होने वाला नहीं है। वह कई पंचवर्षीय योजनाओं में होगा।

एक माननीय सदस्य : इसके लिए चार योजनाएं चाहिएं।

श्री चतुरानन मिश्र : वहीं हम आपसे कह रहे हैं कि कई योजनायें...

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : तो क्या यह एक सरकार के समय में नहीं होने वाला है।

श्री चतुरानन मिश्र : यह कैसे हो सकेगा. आप जैसा विद्वान आदमी सोचे कि पांच वर्ष के अंदर ही यह कार्य कर लेंगे, इसके पहले भी तो चालीस वर्ष कोई यहां पर थे। उनकी भी वही पवित्र इच्छा रही होगी, ऐसी बात नहीं है। ...**(व्यवधान)**...

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : मैंने पांच वर्ष तो नहीं कहा है। मैंने कहा कि योजना शुरू की जाए।

श्री चतुरानन मिश्र : ...**(व्यवधान)** मेरा ख्याल है कि इसके लिए जो साधन की जरूरत होगी, क्योंकि विदेश से ये नदियां आती हैं, नेपाल से, अब ब्रह्मपुत्र तो चीन की टेरोटरी से शुरू होकर आती है।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): It is a very huge project.

श्री चतुरानन मिश्र : आप जानते ही हैं। हमारा ख्याल है कि अगर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोई वित्तीय सहायता की व्यवस्था हो, तब ही इन कामों को किया जा सकता हैं। वर्ल्ड बैंक आये, युनाइटेड नेशंस की एजेंसियां आयें, कुछ और लोग आयें तो यह हो सकता है। यह तो पानी का सवाल है।

दूसरा सवाल है कि बिजली के उत्पादन की भी बहुत बड़ी संभावना है। इतनी ज्यादा बिजली जिसका एक बार अध्ययन किया गया था और अभी नेपाल वालों ने जैपानीज विशेषज्ञों के जरिए से करवाया भी है, तो उसकी बहुत बड़ी संभावना है।

इतनी बिजली का उत्पादन करने पर नेपाल उसका खर्चा नहीं कर सकता।

[श्री चतुरानन मिश्र]

मैं अभी पिछले महीने नेपाल गया था, उन लोगों के निमंत्रण पर। आप तो जानते हैं कि अभी एक नई सरकार वहां कायम हुई है।

हमने इसकी चर्चा की थी कि आपके पास तो अरब कंट्रीज की तरह तेल नहीं है और वहां के प्रधान मंत्री ने भी और जो नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष हैं, श्री गणेश मान सिंह जी, उन्होंने भी कहा कि हम लोगों की तो आर्थिक हालत बहुत खराब है, कैसे हम इसको कर सकते हैं।

उन लोगों से भी और जो वाम-पंथी लोग सरकार में हैं, उनसे भी हमने इस बात की चर्चा की कि आपका एक बहुत बड़ा साधन बिजली बेचने का है। आप बिजली का उत्पादन करें और इसको बेचें। इस मामले में आप भी धनी हो सकते हैं, लेकिन इसका बाजार भारत ही हो सकता है।

चीन वाले चाहे भी, तो नेपाल को बिजली नहीं दे पाएंगे। खूंटा गाड़ते-गाड़ते ही कम से कम बीसवीं शताब्दी खत्म हो जाएगी। इक्कीसवीं शताब्दी में कुछ बात होगी। दूसरे देश भी नहीं ले सकते हैं। इसलिए भारत को ही देना है।

हमको वहां सूचित किया गया कि उन लोगों ने यह प्रस्ताव किया था कि वे जो बिजली उत्पादित करेंगे, उसमें भारत भी कुछ पूंजी लगाये और कुछ विदेश से भी पूंजी लेंगे। बिजली बिक्री का दर नौ पैसे यूनिट उन्होंने कहा था। लेकिन भारत सरकार ने कहा कि हम सात पैसे प्रति यूनिट देंगे और सौदा इसी बात पर अड़ा रहा। बात आगे नहीं बढ़ी।

दूसरी बात थी कि आगे क्या होगा, क्योंकि मान लीजिए, एक बार हमने कल-कारखाने खड़े कर लिये उनकी बिजली पर और कल को उन्होंने अपना स्विच आफ कर दिया, तब तो हमारे सब कारखाने ठप्प पड़ जायेंगे।

इसलिए पारस्परिक एक विश्वास की भी जरूरत है और गारंटी की भी जरूरत है। फिर अगर बिजली का कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़े, तो कितना रेट बढ़ाया जाएगा? यह सब तै करना है।

मैं इस बात की चर्चा करना चाहता हूं कि यह बात पहले संभव नहीं हो पा रही थी, क्योंकि पहले जो नेपाल की सरकार थी, वह भारत के प्रति मित्रता की भावना नहीं रख रही थी। मित्रता की बात कहता तो था, लेकिन रख नहीं रही थी। उनकी इस नीति के कारण पहले यह संभव नहीं हो पा रहा था। अब यह संभव है। भारत सरकार इसके लिये फौरन पहल करे। सिंचाई की जो योजनायें हैं उसके बारे में भी नेपाल के लोगों को कुछ भारत से शिकायत है। भारत और नेपाल ने कुछ नदियों में बांध बांधने का तय किया है। भारत ने अपने हिस्से में बांध बांध दिया और एग्रीमेंट के मुताबिक नेपाल के हिस्से में उसी नदी में जो बागमती नदी, अधवारा ग्रुप आफ रिवर्स कहलाती हैं, नेपाल की टेरेटरी में बांध नहीं बांधा। नतीजा यह हुआ कि उनका बड़ा हिस्सा फ्लडेड हो गया। यह उनकी शिकायत थी। उनका यह कहना कहां तक सच है कहां तक नहीं है, यह मैं आपको नहीं बता सकता और भारत सरकार की ओर से कोई इस पर सफाई भी नहीं दी जा रही है। एक और विषय है। पहले की सरकार के साथ अविश्वास का वातावरण था। यह तय हुआ था कि फ्लड की फोरकास्टिंग के लिए 40 स्टेशंज बनाए जायें और वह नेपाल की टैरेटरी में हों। जब बारिश होगी तो उसकी सूचना जल्द मिल सकेगी। मैंने तो यह अनुरोध किया था कि उसको कंप्यूटराइज कर लिया जाए ताकि एक घंटे में ही बिहार में या भारत के लोगों को सूचना मिल सके कि इतना पानी आ रहा है और इतनी बाढ़ आएगी। इससे जान-माल की रक्षा हो सकेगी,

मवेशियों की रक्षा हो सकेगी। काफी रक्षा की जा सकती है। फ्लड प्रोटेक्शन के बारे में एक तो हमारे देश में कंप्यूटर हैं भी कम और है भी तो एक दिल्ली में रखा हुआ है। जैसे दिल्ली में कभी बाढ़ से हम लोग बह जायेंगे ? सरकार की नीति है कि कंप्यूटर यहां है अगर बाढ़ वहां आसाम में है बिहार में है। माननीय मंत्री जी ने भी हम बिहार के एम०पी० लोगों को बुलाया था। उस दिन भी उनके यहां बात-चीत चली थी और मैंने कहा था इस बरसात के पहले ही कि वह जो 40 स्टेशंज फ्लड फोरकास्टिंग के लिए बनने वाले हैं उसको शीघ्रातिशीघ्र करा लें। लेकिन इस बार भी नहीं हो सका पहले नेपाल सरकार को शक था कि इसके जरिये भारत गुप्त बातों का पता लगा लेगा। मैंने तब वहां जा कर इस बार इसकी चर्चा की पोलिटिकल पार्टीज के नेताओं से क्योंकि सरकार नई बनी है तो पता चला कि वे लोग जानते भी नहीं हैं उन लोगों ने कहा कि उनके पास तो इसकी सूचना नहीं है। किसी ने नया एप्रोच किया ही नहीं, किसी ने कुछ कहा ही नहीं। हमारी तरफ से नेपाल के साथ एक बराबरी का संबंध हो बात-चीत मित्रता की होती है लेकिन इसमें भी हमको अभाव लग रहा है। खटक रहा है कि यह क्यों बात-चीत नहीं की जा रही है ? मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि एक अनुकूल परिस्थिति आई है, जो पिछली नेपाल सरकार के वक्त में नहीं थी। संयोग से आपके समय में वह नई स्थिति उत्पन्न हुई है। एक दिन प्रश्नोत्तरकाल में मंत्री जी ने कहा भी था, आश्वासन दिया था कि जल्द ही वह स्वयं नेपाल जायेंगे और वहां की सरकार से बात चीत करके इसका समाधान करेंगे यह तो अच्छी बात है जो कहा था और उसमें कहा था और उसमें भी होगा। लेकिन यह तो बाढ़ के बारे में होगा, बिजली के बारे में यह नहीं हो सकेगा।

जल संसाधन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मनुभाई कोटाड़िया) डैम के बारे में।

श्री चतुरानन मिश्र : डैम के साथ हाइडल पावर यह आपका विभाग तो नहीं है इसीलिए हमने कहा। बिजली विभाग ने यह नहीं किया। बिजली मंत्री को भी जा कर उसके बारे में प्रयास करना होगा। नेपाल में नई सरकार के बनने के बाद बिजली मंत्री के पास भी, प्रधान मंत्री जी के पास और विदेश मंत्री जी के पास भी इस सम्बन्ध में कई बार पत्र लिखे। मेरा अपना ख्याल है कि नेपाल और भारत का लांग टर्म इकोनॉमिक अरेंजमेंट होना बहुत जरूरी है। अगर ऐसा हो जाएगा तो हमारी दोस्ती स्थायी रूप धारण कर लेगी। अभी माननीय सदस्य जाधव जी ने कहा कि अगर गंगा से पानी चला जाए कावेरी तक ही तो भारत की राष्ट्रीय एकता में बड़ी मदद होगी। उसी तरह से अगर लांग टर्म इकोनॉमिक अरेंजमेंट नेपाल के साथ हो तो वह भी दृढ़ मित्रता का आधार होगा क्योंकि हम एक-दूसरे से अलग नहीं हो सकते।

[श्री चतुरानन मिश्र]

इसलिए मैं ज्यादा भाषण नहीं दे करके मंत्री जी से फिर एक बार यही अनुरोध करूंगा कि कम से कम अपने विभाग की ओर से वह शीघ्रातिशीघ्र करें। नेपाल में वामपंथी लोग भी सरकार में हैं और हम लोगों की भी मदद की जरूरत हो हम लोग बहुत यातना सहते हैं, तो हम लोग भी करेंगे। कि इस काम को जल्दी से किया जाय। अगर यह शुरू हो जाय तो फिर चलेगा और इसमें काफी समय लगेगा। कोई यह नहीं कहेगा कि इसको आप तुरन्त कर दीजिये यही मेरा अनुरोध है। इस नयी परिस्थिति के अनुसार, सरकार जल्द-से-जल्द कदम उठाये, चूके नहीं। यही मैं इस अवसर पर कहना चाहता था। धन्यवाद।

डा० अब्दार अहमद खान (राजस्थान): उपाध्यक्ष महोदय, श्रीमती कमला सिन्हा जी ने जो संकल्प प्रस्तुत किया है, उसका समर्थन करता हूं।

वास्तव में यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है क्योंकि जिस पानी के लिये हम तरसते हैं, जिस वर्षा के लिये हम तरसते हैं, उस वर्षा का इतना कीमती पानी बाढ़ की शक्ल में हमें बरबाद करता हुआ बेकार चला जाय, वाकयी यह चिंता का विषय है। उपाध्यक्ष महोदय, जब भी बाढ़ आती है तो उससे जो बरबादी होती है, उसके शिकार गरीब तबके के लोग होते हैं, मजदूर तबके के लोग होते हैं, किसान तबके के लोग होते हैं, बाढ़ से कभी अमीर लोग प्रभावित नहीं होते। जो शहरों में बंगलों के अन्दर रहते हैं या बड़े-बड़े मकानों में रहते हैं, वे प्रभावित नहीं होते। बाढ़ से खासतौर से उन किसानों की बरबादी होती है जिनके खेत के खेत उस बाढ़ के पानी से कट जाते हैं और खेत खेती करने लायक नहीं रहते हैं। बाढ़ उन कृषि मजदूरों को लाचार करती है जो ऐ खेतों में काम करते हैं। बाढ़ के पानी से झुग्गी-झोंपड़ियों के या गांव के अन्दर बसने वाले लोग बरबाद होते हैं। तो बाढ़ जो प्रभावित होते हैं, वे गरीब और किसान तबके के लोग होते हैं और खास तौर से गांवों में और झोंपड़ियों में रहने वाले लोग होते हैं। तो इस पर नियंत्रण पाने और इसके लिये एक स्थायी उपाय करना नितांत आवश्यक है। जैसा कि अभी चतुरानन जी कह रहे थे कि बिहार के अन्दर जो बाढ़ आती है, नेपाल से जिस प्रकार से बाढ़ का पानी आता है, उसका घर में सोते हुये लोगों को, काम करते हुये लोगों को पता नहीं होता। एकदम जिस प्रकार से पानी आता है, उसमें लोग बह जाते हैं, बरबाद हो जाते हैं। तो कम्युनिकेशन साधनों का मजबूत होना बहुत जरूरी है। जब भी नेपाल में बहुत ज्यादा पानी बरसे और उस बाढ़ का पानी बिहार के अन्दर आने वाला हो और अगर उसकी पहले से सूचना हो जाय तो हम पशुओं की हानि को बचा सकते हैं, मनुष्यों की हानि को बचा सकते हैं। मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे प्राथमिकता के रूप में उन साधनों को मजबूत करने पर विचार करें और उन कम्युनिकेशन साधनों का उपयोग स्थायी रूप से कर सकें। जब भी एक जगह बहुत पानी बरसे और उसका प्रभाव दूसरे क्षेत्र पर आने वाला हो तो दूसरी जगह से आदमियों को हटाया जाना चाहिये, पशुओं को हटाया जाना चाहिये। हम किसी भूमि को या खेत को तो नहीं हटा सकते हैं लेकिन जन-हानि को कम से कम कर सकते हैं, पशु-हानि को कम से कम कर सकते हैं।

दूसरे, आज देश के अन्दर पेट्रोल का संकट चल रहा है। इस पेट्रोल और तेल के संकट की अगर विश्व में कोई चीज सब्स्टीट्यूट हो सकती है, तो हम मानकर चलते हैं कि वह बिजली ही होगी। वह धीरे-धीरे पेट्रोल और डीजल जैसे साधनों की कमी की पूर्ति कर सकती है या इसके सब्स्टीट्यूट के रूप में काम आ सकती है। तो जो हमारे पास पानी उपलब्ध है, चाहे वह नेपाल से चलकर बिहार में आता हो, उसको

हम प्राथमिकता के रुप में देखें और जगह-जगह उसे रोककर बिजली पैदा करें । इसके दूरगामी प्रभाव को हम देख सकते हैं और भविष्य में आने वाले संकट से बच सकते हैं। बेशक पानी तो है, लेकिन उसका सदुपयोग हम नहीं कर पा रहे हैं। वह हमें करना चाहिये ।

इसके साथ ही मैं माननीय मंत्री जी का विशेष ध्यान राजस्थान की परिस्थिति की ओर भी आकर्षित करना चाहता हूं । राजस्थान से संबंध रखता हूं । राजस्थान एक बहुत दुर्भाग्य पूर्ण प्रदेश है जो या तो अकाल से ग्रसित रहता है या बाढ़ से ग्रसित रहता है या बाढ़ और अकाल दोनों से ग्रसित रहता है। महोदय, अभी गत कई वर्षों से पश्चिमी राजस्थान में अकाल पड़ रहा था । उस कारण लोग मर रहे थे । महोदय, अभी वर्ष 87 में भी इस प्रकार का अकाल पड़ चुका है जोकि पिछले सौ वर्षों का सबसे भयंकर अकाल था तो उस समय उस समय के प्रधानमंत्री राजीव जी खुद वहां गए, 840 करोड़ रुपया दिया और धानी-धानी गांव-गांव जाकर किसी आदमी को मरने नहीं दिया वहां चारा पहुंचवाया, आनाज पहुंचवाया और लोग बच गए । लेकिन, दुर्भाग्य से इसी वर्ष उसी पश्चिमी राजस्थान में इतनी भयंकर बाढ़ आई, इतनी भीषण बाढ़ आई मैं देख रहा था अपने पीछे, मेरे पीछे गजसिंह जी बैठते हैं, जो जोधपुर के ही रहने वाले हैं, वे भी वहां थे, लेकिन इस वक्त यहां नहीं हैं, हमने देखा उस पश्चिमी राजस्थान में, जहां लोग पानी के लिए तरसते थे, वहां बाढ़ में 200 से ज्यादा लोग मर गए, हजारों लोग बेघर हो गए, लाखों पशु मर गए और भेड़ें जो वहां बहुत होती हैं, उनसे खेत के खेत सफ़ेद इस तरह से रंग गए कि कोई कह नहीं सकता था कि यहां ऊन पड़ी है या मरी हुई भेड़ें पड़ी हैं । तो इस प्रकार की वहां बाढ़ आई । मैंने अपने एक स्पेशल मेंशन में भी पहले यहां मेंशन किया था कि लोग अपनी जान बचाने के लिए इस प्रकार से भगवान की ओर, आसमान की ओर देखते थे । मैं आपको बताऊं कि एक पेड़ पर सुबह 4 बजे 62 आदमी चढ़े और दिन के 11 बजे तक आकाश की ओर देखते रहे कि शायद कोई हमें आकर बचाए, कोई हेलीकाप्टर आकर बचाए, लेकिन कोई बचाने नहीं आया और दिन के 11 बजे वह पेड़ गिरा, जिससे उसमें से 32 आदमी मर गए । इस तरह की वहां कई घटनाएं हुई । वहां इतनी बड़ी जन-हानि हुई, इतनी बड़ी धन-हानि हुई कि कभी जिनके खेतों की कीमत लाखों रुपए होती थी, आज वहां अगर जाकर देखें तो पाएंगे कि पचास-पचास गज नीचे, बीस-बीस गज नीचे खाइयां बन गई हैं, किसी प्रकार की भूमि नहीं रही है । जो लोग कल तक लखपति थे, आज खाकपति हो गए हैं ।

तो उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि केन्द्र सरकार इस समस्या की ओर तत्काल ध्यान दें, चाहे वह बिहार में हो, चाहे उत्तर प्रदेश में हो, चाहे राजस्थान में हो, चाहे मध्यप्रदेश में हो, कहा भी हो मैं खाली यह नहीं कहना चाहता कि मैं राजस्थान से हूं तो राजस्थान की आप सहायता करें, लेकिन जहां भी इस प्रकार से आदमी लखपति की हैसियत से सोया हो और सुबह कंगाल रहा हो, खाने के लिए, कुछ पाने के लिए हैलीकाप्टर की तरफ़ देखता हो कि अगर कोई थैली गिरे तो अपना पेट भरे, उनके लिए केन्द्र सरकार की प्राथमिकता के आधार पर तत्काल सहाय्रता होनी चाहिए और जो लोग मर गए हैं, उनके परिजनों को एक ठीकठाक राशि, जिससे उन्हें सांत्वना मिल सके, मिलनी चाहिए । मैं राजस्थान के बारे में आपको बताना चाहूंगा कि 200 से ज्यादा लोग मर गए, लेकिन केन्द्र सरकार की तरफ़ से मरने वालों को एक पैसा नहीं दिया गया, जबकि और जगह साइक्लोन आया, वहां सब कुछ दिया गया । राजस्थान में राज्य-सरकार ने पांच-पांच सौ रुपए दिए हैं । महोदय, आप देख सकते हैं कि पांच सौ रुपए से क्या होता है ? जिनके घर गिर गए, जो बर्बाद हो गए, उनको पांच-पांच सौ रुपए दिए और बाद में ढाई-ढाई सौ

[डा० अबरार अहमद खान]

रुपए और बढ़ा दिए तो क्या साढ़े सात सौ रुपए में कोई मकान बनता है ? मेरा आपसे आग्रह है कि उन लोगों के लिए कोई ऋण की व्यवस्था होनी चाहिए, सहायता की व्यवस्था होनी चाहिए, जिनके मकान गिर गए हैं और ऐसी व्यवस्था उनके लिए होनी चाहिये जिससे उनके रिहेबलीटेशन का काम हो सके । मैं मानता हू कि लोगों का जितना नुकसान होता है उसकी पूर्णरूप से तो पूर्ति नहीं हो सकती लेकिन कम से कम इतनी पूर्ति जरूर की जानी चाहिये जिससे वे दुबारा अपनी आजीविका कमाने योग्य हो जाए, उनके परिवार को एक सांत्वना मिल जाए, वे समाज के अंदर अपनी जिंदगी बसर कर सकें । मैं मानता हू, वह आदमी समाज के अंदर वापस अपना स्थान तो नही पा सकता जिसके पास मान लीजिए 100 बीघा या 20 बीघा या 10 बीघा अच्छा खेत था और वह बेकार हो गया लेकिन कम से कम वह दो जून की रोटी कमा सके इसकी व्यवस्था तो सरकार कर दे । बाढ़ में नुकसान हुआ यह उसका तो दोष नही होता भगवान की दी हुई सजा होती है । मैं बार-बार यह कहता आया हूं वहां भी और पब्लिक प्लेटफार्म पर भी कि जब भगवान किसी बात की सजा देता है तो हम प्रकृति से संघर्ष नही कर सकते भगवान से संघर्ष नही कर सकते उसकी सजा को दूर नही कर सकते लेकिन हम प्रयास कर सकते हैं कि उस सजायाफ़्ता आदमी को जिसको बाढ़ या अकाल या किसी प्राकृतिक प्रकोप से सजा मिली है उसको कम से कम दो जून की रोटी मिल सके उसके सिर पर साए की व्यवस्था कर सकें समाज के अंदर दुबारा से रह सके इसकी व्यवस्था हो सके ।

उपाध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से और सरकार से यह आग्रह करना चाहूंगा कि जहां भी बाढ़ से तबाही होती है वहां पूरी मदद दें और जैसा मैंने अभी राजस्थान के बारे में जिक्र किया कि इतना बड़ा नुकसान होने के बाद केन्द्र सरकार ने वहा कोई मदद नहीं दी। इस बारे में मैंने एक सवाल पूछा था और एक पत्र भी लिखा था जिसका मुझे जवाब मिला कि नाइन्थ वित्त-कमीशन ने हर राज्य का पैसा पांच साल के लिए निर्धारित कर दिया है और राजस्थान के लिए भी 625 करोड़ रुपया निर्धारित है हर साल उसमें से 1/5 हिस्सा राजस्थान सरकार ले सकती है । यह 75 परसेंट पैसा केन्द्र सरकार देती है और 25 परसेंट राज्य-सरकार देती हैं इससे तो मैं पूर्णतः सहमत हूं लेकिन जब इस प्रकार की कोई विपदा आ जाय और मान लीजिए राज्य सरकार 25 प्रतिशत कंट्रीब्यूट करने के लिए तैयार नहीं है या ऐसी स्थिति में नहीं है तो उस समय केन्द्र सरकार जो 75 प्रतिशत कंट्रीब्यूशन देती है उसके लिए वह कंडीशन न रखे कि जब तक राज्य सरकार 25 प्रतिशत योगदान न दे तब तक ....

तब तक हम उस 75 प्रतिशत को भी रिलीज न करेंगे । अगर ऐसी कंडीशन लगा दी तो आज मैं मानकर चलता हूं कि बहुत सी राज्य सरकारों की ऐसी स्थिति है कि वह 30 या 35 करोड़ रुपया भी किसी प्राकृतिक विपदा पर खर्च नही कर सकती है । तो उस समय जो लोग विपदा से परेशान है, वे मुह ताकते रह जाते हैं । तो ऐसी प्राकृतिक विपदाओं में जो यह पैसा केन्द्रीय सरकार ने 9वें वित्त आयोग के तहत रखा है उसी अंदर 25 परसेंट की कंडीशन नहीं रहनी चाहिए क्योंकि वह इमिजियेट रिलीफ़ देने वाली बात होती है । अगर 25 प्रतिशत राज्य सरकार के अंशदान के आधार पर केन्द्र सरकार देखती रह गई तो राज्य सरकार और केंद्रीय सरकार आपस में बातचीत करती रहेंगी वह बाढ़ग्रस्त किसान, वह बाढ़ग्रस्त मजदूर, वह बाढ़ग्रस्त आदमी, जिसका मकान गिर गया है, उसको राहत नहीं मिल पाएगी तो ऐसी स्थिति में केन्द्रीय सरकार बिना 25 या 75 परसेंट का राग अलापे जो भी राज्य सरकार घी राशि बनती है, वह दे और उसके अलावा जो भी

और दे सकती हो उसकी मदद करे ताकि इस देश के बाढ़ग्रस्त निवासी को यह महसूस हो कि हां इस देश के अंदर सरकार है, हां इस देश के अंदर हमें देखने वाला कोई है, हां इस देश के अंदर हमारी समस्या से जूझने वाला कोई है ।

मैं आपके माध्यम से अंत में सरकार से पुनः यह आग्रह करूंगा कि जो भी बाढ़ से प्रभावित लोग हैं और इस वर्ष जो भी हुए हैं, उन्हें वह पूर्ण रूप से एक विस्तृत जानकारी लेकर के राहत पहुंचाए जिससे कि वे तसल्ली की सांस ले सके । धन्यवाद ।

